Brief note of the

हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिशियल्स जज ओमप्रकाश बनाम अचालसिह वगैरा धारा 136 प्रकरण सख्या 15/2012	नम्बर व तारीख अहकाम जो इस हुक्म की तामील में जारी हुए

2022

राजस्व विविध प्रार्थना पत्र सख्या 15/2012 **ओमप्रकाश बनाम अचालसिह वगैरा** अन्तर्गत धारा 136 भू.राजस्व अधिनियम रेकर्ड दुरस्ती हेतु प्रार्थी द्वारा प्रार्थना पत्र पेंश किया गया जो दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थी को नोटिस प्रेषित कर जॉच रिपोर्ट मंगवाई गई। बहस प्रार्थना पत्र पर सुनी गई। प्रार्थी के विद्वान अधिवक्ता अपने प्रार्थना पत्र मे तथ्यो को दोहराया गया। एवं सरहद मौजा ग्राम गेलावास तहसील लुणी के खसरा नम्बर 102 मूल 186/102, 186/102/1, 187/102 मे सभी पक्षकारो के हिस्से अनुसार तरमीम की जावे एव नक्शा ट्रेस किस्तावर मौजा गेलवास मे उपरौक्त दुरूस्ती का इन्द्राज दर्ज किया जाने का निवेदन किया गया।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। जिसमे तहसीदार लूणी से जबाव/मय रिपोर्ट हेतु तहरीर जारी की गई

पत्रावली का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया गया एवं तहसीलदार झंवर की रिपोर्ट दिनॉक 13.06.2022 की रिपोर्ट अनुसार राजस्व रेकर्ड जमाबन्दी से तरमीम मे भिन्नता है तथा जमाबन्दी सवंत 2073–2076 के खाता सख्या 68 खसरा नम्बर 102 रकबा 6.18 बीधा मे प्रार्थी ओमप्रकाश पुत्र नारायणराम द्वारा अपना सम्पूर्ण हिस्सा बैचान कर दिया गया। इस स्थिति मे प्रार्थी वर्तमान मे खातेदार नही रहा। जिससे प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार योग्य प्रतीत नही होता है।

अत– प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 के स्वीकार योग्य नही होने से खारिज किया जाता हैं पत्रावली फेसल शुमार होकर दफ्तर दाखिल हो।

सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी,
लूणी